मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 92, मुंबई, शुक्रवार, 31 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







## होटल कारोबारी जय शेट्टी की हत्या में
# छोटा राजन दोषी करार
## कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** होटल कारोबारी जय शेट्टी की हत्या के मामले में मुंबई की एक विशेष अदालत ने गैंगस्टर छोटा राजन को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। शेट्टी की 23 साल पहले 4 मई 2001 को होटल की पहली मंजील पर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के जुर्म में भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### दो दशकों से था फरार

लगभग दो दशकों तक फरार रहने के बाद छोटा राजन को 2015 में पकड़ा गया। वह सिडनी से बाली हवाई अड्डे पर पहुंच ही था कि उसे अरेस्ट कर लिया गया। कथित तौर पर उसके पास मोहन कुमार नाम का पासपोर्ट था, लेकिन उसने आव्रजन अधिकारियों को अपना असली नाम राजेंद्र सदाशिव बताया। जया शेट्टी की बात करें तो वह मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल की मालिक थीं। उन्हें छोटा राजन गिरोह से रंगदारी के लिए फोन आ रहे थे। 4 मई 2001 को उनके होटल के अंदर छोटा राजन गिरोह के दो सदस्यों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## मुंबई के 13 मॉल नहीं कर रहे फायर सेफ्टी नोटिस का अनुपालन
### खतरे में मुंबईकरों की जान




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राजकोट के गेमिंग जोन में लगी आग की घटना के मद्देनजर मुंबई के मॉल में चल रहे फायर इंस्पेक्शन के तहत मुंबई फायर ब्रिगेड (एमएफबी) ने पाया है कि इंस्पेक्ट किये गए 55 मॉल में से 13 मॉल अग्नि सुरक्षा अधिनियम नोटिस का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, जबकि नगर निकाय ने पहले ही उन मॉल को नोटिस जारी कर दी थी, जिसमे फायर सिस्टम निष्क्रिय या मरम्मत के अधीन पाई गई थी। अधिकारी ने बताया कि नगर निकाय इन 13 मॉल को नोटिस जारी करने वाला है, जिसमें उन्हें अगले 30 दिनों के भीतर अपने अग्निशमन प्रणाली के रखरखाव से संबंधित विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा। वर्तमान मे मुंबई में 69 मॉल हैं, जिनमें से तीन लंबित मुकदमों और निर्माण कार्य जैसे कारणों से बंद हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### घाटकोपर होर्डिंग हादसा
## क्राइम ब्रांच ने ढांचा संबंधी प्रमाणपत्र देने वाले इंजीनियर को किया गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने से हुए हादसे के मामले में 47 वर्षीय एक इंजीनियर को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। उसने होर्डिंग के लिए स्थिरता प्रमाण पत्र दिया था। इंजीनियर का नाम मनोज रामकृष्ण संघू है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में होर्डिंग गिरने से हुए हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक घायल हुए थे। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के पैनल में शामिल संघू ने होर्डिंग के लिए स्थिरता प्रमाण पत्र दिया था, जो 13 मई को तेज हवाओं और बेमौसम बारिश के बीच पेट्रोल पंप पर गिर गया था। ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कब्जे वाले भूखंड पर होर्डिंग लगाई थी। अधिकारी ने बताया कि 120 फुट गुणा 140 फुट की होर्डिंग लगाते समय नींव कम से कम 20 फुट गहरी होनी चाहिए थी, लेकिन यह कमजोर थी। उन्होंने बताया कि आपत्ति जताने के बजाय संघू ने इसके लिए प्रमाण पत्र जारी कर दिया। संघू को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# पुणे पोर्शे मामले के बाद हरकत में मुंबई पुलिस
## पब बार और हुक्का पार्लर में तलाशी अभियान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पुणे में पोर्शे एक्सीडेंट मामले से सबक लेते हुए, मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने शहर में जगह-जगह नाकाबंदी कर 'ड्रंक एंड ड्राइव' के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी तरह मुंबई सिटी पुलिस ने शहर के युवाओं को नशेड़ी बनाने का स्कूल कहा जाने वाला हुक्का पार्लर, पब और बीयर बारों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, और नाबालिगों को शराब या दूसरा नशा परोसने वालों पर कार्रवाई कर रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) एम रामकुमार के मार्गदर्शन में चलने वाले इस अभियान में सिर्फ एक ही रात में, मुंबई यातायात पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 442 नशेड़ी चालकों और गाड़ी चलाने वाले 23 नाबालिगों युवाओं पर मामले दर्ज किया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### पुलिस की बार-पब पर निगरानी

*मुंबई पुलिस एक विशेष अभियान के तहत नाबालिगों को नशा परोसने वाले पब, शराब की दुकान, बीयर बार और हुक्का पार्लर, पान पट्टी आदि पर नजर रख रही है। शहर के सभी पुलिस स्टेशन के अधिकारी अपने अपने आधिकारिक क्षेत्र में गश्त कर कॉम्बिंग ऑपरेशन कर रहे है, ताकि कम उम्र के बच्चों को नशा परोसने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसी संबंध में पवई पुलिस ने एक बियर बार के खिलाफ कार्रवाई की है, जहां एक 16 साल के के लड़के को शराब परोसी जा रही थी। दादर पुलिस ने भी एक बार के वेटर और मैनेजर पर कार्रवाई की है, जिस पर नाबालिग को शराब परोसने का आरोप है।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### सेहत पर भी सियासत!

बेशक मतदाताओं को अपने नेताओं की सेहत और उनसे संबंधित तमाम सूचनाएं पाने का अधिकार है। लेकिन अपने देश में व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में फर्क करने का चलन है। इसका लाभ अधिकांश नेता उठाते हैं, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की सेहत को चुनावी मुद्दा बनाया है। सेहत संबंधी सूचना को छिपाने की साजिश का यह आरोप 77 वर्षीय मुख्यमंत्री की सेहत को लेकर मतदाताओं के मन में एक तरह का भ्रम पैदा करने का प्रयास समझा जाएगा। किसी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित होना मानवीय संवेदना है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की टिप्पणी के जवाब पटनायक ने कहा कि मोदी को सचमुच उनकी सेहत की चिंता होती, तो वे सीधे उन्हें फोन कर इस बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकते थे। बल्कि कहा तो यह भी जा सकता है कि अगर पटनायक सचमुच बीमार हैं, तो प्रधानमंत्री अपने ओडिशा दौरे के समय उनसे मिलने जा सकते थे। इससे एक स्वस्थ राजनीति का संकेत मिलता। लेकिन पटनायक की सेहत को सियासी मुद्दा बनाने की पूरी तैयारी की गई। पहले प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में संकेतों में ओडिशा पर तमिलनाडु के बढ़े प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने इशारों में यह कहने की कोशिश की, ओडिशा में शासन की असल बागडोर पटनायक के सहायक वीके पांडियन के हाथ में है। फिर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वशर्मा ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें एक भाषण के दौरान पटनायक के हाथ कांपते नजर आए, जिसे पांडियन संभाल रहे थे। और उसके बाद मोदी ने सेहत पर सीधा हमला बोला।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मतदाताओं को अपने नेताओं की सेहत और उनसे संबंधित तमाम सूचनाएं पाने का अधिकार है। पश्चिमी देशों में ऐसी जानकारियां सार्वजनिक करने परंपरा भी है। लेकिन अपने देश में व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में फर्क करने का चलन है। इसका लाभ अधिकांश नेता उठाते हैं, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हैं। मोदी इस परंपरा को बदलना चाहते हैं, तो शुरूआत खुद से करते हुए इस मुद्दे पर उन्हें गंभीर बहस छेड़नी चाहिए। बगैर उसके सिर्फ पटनायक की सेहत को मुद्दा बनाना एक अप्रिय संदेश देता है। फिलहाल अपेक्षित यही है कि चुनावों में सत्ताधारी दल के कामकाज और विभिन्न पार्टियों के नीति-कार्यक्रमों को मुद्दा बनाया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में इस अपेक्षा का लगातार उल्लंघन हो रहा है।

# अकीदत के सफर हज पर विशेष श्रृंखला 02

# मानव समानता और विश्व बंधुत्व का जीवंत प्रदर्शन और काले गोरे का भेद खत्म करता है हज मुबारक

## इस्लाम में काबे का महत्व और उसकी वास्तविकता

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हज** और कुर्बानी इस्लाम का अंतिम स्तंभ है। हज में ही पूरी दुनिया से सिमर सिमट कर मुसलमान खाने काबा पहुंचते हैं। इसका तवाफ करते हैं। सई करते हैं और अराफात में जमा होते हैं। और वक्त के इमाम का खुतबा (भाषण) सुनते हैं। कुर्बानी करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया का नाम हज है और साथ ही साथ पैगंबरे इस्लाम अल्लाह के आखिरी नबी रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के रोजे मुबारक में हाजिर होते हैं और नियत अदब व एहतेराम के साथ दरूदो सलाम का नजराने अकीदत पेश करते हैं। हज मुसलमानो का विश्व स्तरीय सम्मेलन है जिसमें पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण हर तरफ से मुसलमान क्या काले क्या गोरे क्या बादशाह क्या फकीर सभी सम्मिलित होते हैं और समानता का ज्वलंत प्रदर्शन होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय व बंधुत्व का प्रदर्शन हज के अवसर पर ही होता है संसार जिसका विकल्प प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा है और रहेगा।

दुनिया की इबादतगाहो में अल्लाह का पहला घर वह है जिसे काबा के नाम से जाना जाता है। अल्लाह ने इसे सर्वथा भलाई बरकत और सारे संसार के मार्गदर्शन का उद्गगम बनाया है। यह एकेश्वरवाद और विशुद्ध धर्म का आवाहन का स्त्रोत है। यह सन्मार्ग का ज्योतिपुंज और मानव जाति का शरण स्थल है व शांति का घर है। हज काबा की जियारत व इससे संबंध अन्य अनुष्ठान को कहते हैं ।हज जीवन भर में हर उस व्यक्ति पर एक बार फर्ज अनिवार्य है जो मक्का की यात्रा की शक्ति रखता हो और जिसके पास इतना धन हो कि वह यात्रा का खर्च पूरा कर सके तथा मार्ग सुरक्षित हो। नमाज जकात और रोजे की तरह हज का उद्देश्य भी मानव जीवन को



भक्तिमय बनाना है। हज इस्लाम का पांचवा तथा अंतिम स्तंभ है इसलिए इसका महत्व और प्रभाव भी सबसे अधिक है। नमाज पढ़ने जकात देने और रोजा रखने में मनुष्य को ना पत्नी और संतान को छोड़ना पड़ता है ना नगर गृहस्थी और कुटुंब परिवार को ना उद्योग व्यवसाय को न शासन और अधिकार को ना नगर और देश को परंतु हज के लिए इन सबको छोड़ना पड़ता है। इबादत भक्ति तथा अल्लाह के प्रेम की वह कितनी अताह भावना होती है जो मनुष्य को अपनी समस्त प्रिय वस्तु छोड़ देने के लिए तैयार कर देती है। नमाज जकात और रोजे का प्रभाव व्यक्ति समाज अधिक से अधिक नगर तथा देश पर पड़ता है परंतु हज का असर सारे संसार पर पड़ता है। हज नियत समय पर होता है और अधिक या कम सभी देशों के मुसलमान हज करने जाते हैं। हज जिलहिज्जा के महीने में होता है जो इस्लामी साल का 12वां महीना है। काबा की विशेषता क्या है यह जान लेना भी आवश्यक है इस्लाम सारी मानव जाति का अल्लाह प्रदत्त आदिकाल से चला आ रहा पुराना तथा सार्वभौम धर्म है।

संसार में जितने भी ईशदूत हुए है वे सब इस्लाम के संदेशवाहक और पैगंबर थे। इन्हीं में से हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम भी एक महान ईशदूत थे हजरत मूसा अलै. हजरत ईसा अलै. भी उन्हीं के संतान थे। हजरत इब्राहिम अलै. के पुत्र हजरत इस्माइल अलै. की संतान मक्का की कुरैशी जाती थी। जिसमें अंतिम ईशदूत हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पैदा हुए। मक्का के पवित्र ग्रह काबा को अब से 4500 वर्ष पूर्व हजरत इब्राहिम अलै. ही ने अपने पुत्र हजरत इस्माइल अलै. के सहयोग से निर्मित किया था और यह हज की प्रथा उन्हीं की चलाई हुई है संसार भर की मस्जिदे काबा के अधीन मानी जाती है तथा इसी की दिशा में बनाई जाती है ताकि संसार भर के मुसलमान इस्लाम के केंद्र की ओर मुंह करके नमाज पढ़े और इस प्रकार अपने केंद्र से संबंधित और धर्म भावना के एक सूत्र में बंधे रहे तथा यह भावना उनमें जागृत रहे कि वह विभिन्न क्षेत्रो और देशो में बसते हुए भी एक सार्वभौम इस्लामी बिरादरी के सदस्य हैं तथा इस सार्वभौम इस्लामी बिरादरी को स्थापित रखने के लिए साल में एक बार हज का विधान बनाया गया है ताकि अवसर पर संसार के कोने-कोने में बसने वाले मुसलमान इस्लाम के केंद्र में एकृत हो, एशिया के रहने वाले भी अफ्रीका के रहने वाले भी तथा यूरोप और अमेरिका के रहने वाले भी गोरे भी, काला भी, लाल भी, सब एक दूसरे से मिले सब एक दूसरे से परिचित हो सब सामूहिक रूप से हज करें और इस्लाम के संगम में सब एक हो जाए। जिस पवित्र घर का मुसलमान हज करते हैं वह अल्लाह की दृष्टि में बहुत महत्वपूर्ण है वहां हाजिरी देने वाला अल्लाह के नजदीक प्रिर बंदा है इस स्थान का आकर्षण देखिए की दिन और रात 24 घंटे यह कभी गैर आबाद नहीं रहता। प्रत्येक समय और प्रत्येक मौसम में इसके इर्द-गिर्द तवाफ (परिक्रमा) होता रहता है। ईद के साथ ही रमजान शरीफ के अंतिम 10 दिनों में यहा इतना मजमा रहता है कि बिल्कुल हज के जैसा समा होता है।

सभी भाइयों बहनों से मेरी दिल गुजारिश है की मुझे दीन ईमान इस्लाम का इल्म देने वाली और मुझसे बेइंतहा मोहब्बत करने वाली अल्लाह की रहमत अजीम शख्सियत मेरी मोहसिन मेहरबान अम्मीजान जिनके कदमों के नीचे अल्लाह ने जन्नत रखी है हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और जन्नत के दरवाजे मेरे अब्बू जनाब बाबू खान रहमतुल्लाह अलैह इन दोनों के लिए खुशूसी दुआए मगफिरत फरमाए कि अल्लाह इनकी बख्शीश और मगफिरत फरमाकर आलमे बरजख के इल्लीन आला मुकाम अता फरमाए और अपनी रहमत और अपना नूर अता फरमाकर इनकी कब्रो को जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से पुलसिरात की सख्तियो से मैदाने महशर की तकलीफों से हिफाजत फरमाए और बदले के दिन जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए हम आप सभी भाइयों बहनों पर अपना करम फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन आप सभी भाइयों बहनों की दुआओं का तलबगार आपका भाई

**प्रस्तुति - साजिद खान धनपुरी**
**शहडोल मध्य प्रदेश**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# खान कंपाउंड अचार गली खराडी गांव नेता कंपाउंड में जनता परेशान

## रोड पर भरा है गंदा पानी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंब्रा।** नेहाल हसन मुंब्रा दिवा प्रभात समिति परिसर मे आने वाले इलाकों में गंदगी से जनता परेशान हैं खान कंपाउंड मे रोड पर बिल्डिंग का चेंबर टु टने से गंदा पानी रोड पर भरा हुआ है जिसे स्थानीय लोगों को बीमारी का डर सत्ता रहा है जेसे डेंगू टाइफाइड फूड प्वाइजन महामारी जेसी बीमारी फैलने का डर है रोड पर गंदे पानी से आने जाने वाले लोगो परेशान हैं वहां की जनता पुछ रही है इसका जिम्मेदार कौन है नेता तो वोट लेने चाले आते हैं और वादे बड़े बड़े करते हैं उसके बाद जब जीत जाते है तक कोई भी नेता नजर नहीं आता है खान कंपाउंड की जनता का हल लेने नहीं आते है आज वहां पीने का पानी भी नहीं है और नला गटर भी नही है और सीवर की लाईन भी नही है बिल्डिंग तो है मगर अमीर लोग के लिए है सुविधा खाली दोस्ती बिल्डिंग मे रहने वाले लोग के लिए है ठाणे महानगर पालिका ने सुविधा दिया है खाली अमीर लोग को मगर दोस्ती बिल्डिंग के पीछे जो लोग रहते है उनके लिए कोई सुविधा नहीं है आखिर ऐसा दोहरा रवैया क्यों है वाह की जनता के साथ इसका जिम्मेदार कौन है ठाणे महानगरपालिका यह खासदार आमदार नगरसेवक आज खान कंपाउंड और नेता कंपाउंड अचार गली एम एच कंपाउंड खारडी रोड अंडा गली पीने का पानी भी गरीब जनता खरीद कर पीति है महंगाई की मार से झेल रही है उस पर सोने पर सुहागा ये है की पीने का पानी भी खरीद कर पीना पड़ता है रोड तो एसी है की अगर कोई मरीज को इमरजेंसी मे हॉस्पिटल ले जाना पड़े तो वह मरीज रास्ते में दम तोड़ देते हैं।





इतने गड्ढे हैं की और तो और बारिश में तो इतना रास्ता खराब हो जाता है की सड़क पर पानी भर जाता है 1 साल पहले भी एम एच कंपाउंड मे रहने वाला एक 14 साल के बच्चे की जन चली गाई थी बारिश में उसके बाद भी प्रशासन गहरी नींद से जागा नही कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है महाराष्ट्र सरकार को और ठाणे महानगर पालिका को सुचित करना चाहते है की खान कंपाउंड की जनता बहुत परेशान हैं ठाणे महानगर पालिका जब गरीब जनता के घर का टैक्स लेती है तो गरीब जनता को सुविधा क्यों नहीं देती है दोस्ती बिल्डिंग मे रहने वाले लोगों के लिए सुविधा है उनको हर सुविधा दिया जाता है मगर यह गरीब जनता को कोई सुविधा नहीं दिया जाता क्या खाली अमीर लोग को पीने का पानी का अधिकार है और रोड साफ सफाई का सीवर लाइन गटर नाला का क्या सारी सुविधाएं दोस्ती बिल्डिंग में रहेने वाले लोग के लिए है गरीब जनता के लिए कुछ भी सुविधा ठाणे महानगरपालिका की तरफ से नहीं है इन जागो पर रहेने वाले लोग के लिए अचार गली नेता कंपाउंड अंडा गली खान कंपाउंड एम एच कंपाउंड खारडी गांव इन सब जगा पर रहे ने वाली जनता परेशान हैं इन लोग को कब पीने का पानी मिलेगा और नाला कटर सीवर लाइन और रोड का काम कब सुरु होगा जनता सरकार से पुछ रही है।


# कानपुर में हास्य कलाकर अन्नू अवस्थी की भाभी ने की आत्महत्या

**– चर्चित टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं जाने-माने हास्य कलाकार कानपुर के अन्नू अवस्थी**

– बीमारी से डिप्रेशन का शिकार थीं रीता अवस्थी, घटना की जांच में जुटी पुलिस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** चर्चित टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं में भी लोगों का मनोरंजन कर चुके जाने-माने हास्य कलाकार अनु अवस्थी की भाभी ने आज यहां गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की वजह बीमारी के चलते डिप्रेशन का शिकार होना बताया गया है। हाल फिलहाल पुलिस मामले जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घटना की जानकारी तब हुई जब मृतक की बहू जब कमरे में गई तो काफी आवाज दी। कोई प्रतिकिया नहीं मिलने पर उन्होंने परिवार के लोगों को बुलाया। दरवाजा तोड़ने पर शव लटका मिला। परिजनों ने बीमारी से ऊबकर फांसी लगाने की बात कहीं है।



अवगत कराते चलें कि काकादेव के रानीगंज निवासी अन्नू अवस्थी के बड़े भाई अरुण अवस्थी हॉस्टल संचालक है। वह घर की पहली मंजिल में रहते है। परिवार में पत्नी रीता अवस्थी (60), बड़ा बेटा मानस, छोटा बेटा जीतू शशांक अवस्थी, बहू श्वेता और डेढ़ साल की नातिन है। मानस कनाडा में जॉब करता है। वर्तमान में वह कानपुर में ही है। छोटा बेटा जीतू शशांक कोऑपरेटिव बैंक में क्लर्क के पद पर है। शशांक की पत्नी श्वेता घर पर ही रहती है। इस घटना की जानकारी देते हुए कॉमेडियन अन्नू अवस्थी ने बताया कि आज गुरुवार को भाभी रीता भाई अरुण अवस्थी को नाश्ता देने के बाद कमरे में चली गई थी। इसी दौरान भाई अपने काम से बाहर चले गए। इसी बीच रीता ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन में परिजन गेट तोड़कर शव निकाले और अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने रीता को मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि बीते साल से वह बीमारी को लेकर डिप्रेशन में चल रही है। उनका इलाज भी चल रहा था। इस घटना में पोस्टमार्टम कराने से इंकार करने पर पुलिस ने लिखित में लेकर शव परिवार के लोगों को सौंप मामले की जांच में जुटी है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सैयद सम्मानित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**मुंबई।** वरिष्ठ पत्रकार सैयद रिजवान अली और अधिमानी पत्रकार मध्य प्रदेश शासन सैयद अखलाक अली बाकानेर को निष्पक्ष न्यायायिक स्वच्छ साफ ईमानदार पत्रकारिता के लिए 30 मई 2024 हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब आफ वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा सम्मानित किया। दुनिया का पहला हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' आज ही के दिन यानी 30 मई को जुगल किशोर शुक्ल जी द्वारा कोलकाता से प्रकाशित किया गया था। आज इस गरिमामय दिवस पर हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में आपकी निष्ठा, मेहनत और समर्पण तथा एक लम्बे समय के अनुभव के फलस्वरूप, प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स संगठन अपनी स्थापना के 5 वर्ष पूरे होने व हिन्दी पत्रकारिता दिवस 2024 के अवसर पर आपको विशेष रूप से सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस करती है। हार्दिक बधाई आपके उज्ज्वल भविष्य की नेक शुभकामनाएं!

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### होटल कारोबारी जय शेट्टी की हत्या में छोटा राजन दोषी करार

बता दें कि जय शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल का मालिक था। वह छोटा राजन गैंग की ओर से जबरन वसूली की धमकियों का सामना कर रहे थे। पुलिस ने होटल प्रबंधक की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच से पता चला कि शेट्टी को छोटा राजन गैंग के सदस्य हेमंत पुजारी से रंगदारी के लिए फोन आया था और पैसे न देने पर उसकी हत्या कर दी गई। राजन के खिलाफ जबरन वसूली और संबंधित अपराधों के लिए कई मामले दर्ज किए गए हैं, इसलिए होटल व्यवसायी की हत्या के मामले में उसके और अन्य आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत भी आरोप जोड़े गए। पिछले दो अलग-अलग मुकदमों में हत्या के मामले में तीन अन्य आरोपियों को दोषी ठहराया गया था तथा एक को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि राजन 2011 में पत्रकार जे डे की हत्या के मामले में पहले से ही उम्रकैद की सजा काट रहा है और वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है।

### मुंबई के 13 मॉल नहीं कर रहे फायर सेफ्टी नोटिस का अनुपालन

आंकड़ों से पता चला कि जिन 13 मॉलों को नवीनीकरणों के बिना संचालित होते देखा गया, उनमें से अधिकतम मॉल एच/पश्चिम वार्ड (बांद्रा, सांताक्रूज, खार) में आते हैं, जहां तीन मॉल गैर-अनुपालन में पाए गए, इसके बाद डी वार्ड (ग्रांट रोड), पी/दक्षिण वार्ड (गोरेगांव) और आर/सेंट्रल (बोरीवली) वार्ड में दो-दो मॉल गैर-अनुपालन में पाए गए है। बता दें कि स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के कारण शहर के मॉल में लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है, लेकिन राजकोट के गेमिंग जोन में आग लगने की घटना के मद्देनजर, एमएफबी ने रविवार को शहर भर के मॉल का निरीक्षण करना शुरू किया, ताकि पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। पिछले तीन दिनों में एमएफबी ने 55 मॉल का निरीक्षण पूरा कर लिया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कुछ मॉल बिना किसी कार्यात्मक अग्नि प्रणाली के चल रहे थे। एमएफबी के अधिकारी के अनुसार, शहर के मॉल को हर छह महीने के बाद अपने अग्नि अनुपालन प्रमाणपत्र- अग्नि अधिनियम नोटिस के तहत फॉर्म बी- को नवीनीकृत करना होता है। फॉर्म में मॉल को अपने मौजूदा अग्नि प्रणाली के रखरखाव के साथ-साथ प्रतिस्थापित प्रणालियों, यदि कोई हो, के बारे में विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

### पुणे पोर्शे मामले के बाद हरकत में मुंबई पुलिस

मुंबई यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के अनुसार, वर्ष 2023 में नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में पकडे गए ड्राइवरों की संख्या 2562 थी। जबकि इस साल 2024 में जनवरी से मई तक 2502 नशेड़ियों पर मामले दर्ज हुए है। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2023 में 371 नाबालिग चालकों पर कार्रवाई हुई थी। इस वर्ष जनवरी से मई तक पकड़े गए कम उम्र के ड्राइवरों की संख्या 74 है।

### घाटकोपर होर्डिंग हादसा

होर्डिंग गिरने की घटना के तीन दिन बाद ईगो मीडिया के निदेशक भावेश भिंडे को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार किया गया। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पुलिस ने ईगो मीडिया के निदेशकों और अधिकारियों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 304-2 (जब यह ज्ञात हो कि किसी के कृत्य से मृत्यु हो सकती है), 338 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 34 (समान मंशा) के तहत मामला दर्ज किया है।

कई इलाके जलमग्न हुए

# मिजोरम और मणिपुर में बारिश से भारी तबाही, 31 की हुई मौत







मुंबई हलचल / इंफाल

इंफाल। रेमल ने पूर्वोत्तर में तबाही मचा दी। पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के लगभग सभी राज्य भारी बारिश के कारण काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मिजोरम और मणिपुर में भारी बारिश के कारण इन राज्यों के कुछ इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए। यहा नदियों का पानी बढ़ने से सड़कें बह गईं, जिससे सामान्य जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हो रहा है। मिजोरम में 28 लोगों की और मणिपुर के इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से तीन लोगों की मौत हो गई ।

### 86 इलाकों में बाढ़ की सूचना मिली

*पश्चिमी इंफाल जिले के 86 इलाकों में बाढ़ की सूचना मिली। इन इलाकों में खुमान लैपक, नगरम, सागोलबंद, उरीपोक, कीसमथोंग और पाओना क्षेत्र शामिल हैं। लगातार बारिश के कारण इंफाल नदी का तट पूर्वी इंफाल जिले के केइरंग, खाबम और लैरीयेंगबाम लीकाई इलाकों के पास टूट गया, जिसके कारण इन इलाकों में पानी घुस गया। मिली जानकारी के अनुसार "पूर्वी इंफाल जिले के हिंगांग और खुरई क्षेत्र के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कई इलाकों में बाढ़ का पानी छाती के स्तर पर पहुंच गया है।*

### खदान ढहने से 15 शवों को बाहर निकाला

मिजोरम में भारी बारिश के बाद भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई। आइजोल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राहुल अलवाल ने बताया कि मलबे से गैर स्थानीय निवासियों का शव बरामद किया गया। अबतक 28 शवों को निकाला जा चुका है। एक छह महीने के बच्चे समेत छह लोग अभी भी लापता है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी आइजोल के बाहरी इलाके में एक खदान ढहने से 15 शवों को बाहर निकाला गया। फाल्कन गांव में दो लोगों की मौत हो गई। आइजोल जिले के लुंगसेई और केल्सिह से एक-एक शव बरामद किए गए। मिजोरम के मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपदा से हुए नुकसान की भरपाई एवं राहत कार्यों के लिए सरकार ने 15 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को मदद देने का भी भरोसा दिया।

### भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त

मणिपुर के सेनापति जिले में भूस्खलन के कारण एक 34 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में अन्य तीन घायल भी हुए। सेनापति नदी में उफान के कारण एक 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला डूब गई। इंफाल में एक 74 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। इंफाल नदी के उफान पर होने के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए। पानी स्थानीय लोगों के घरों में घुस गया। भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## खबर संक्षेप

### नीदरलैंड में विमान के इंजन में फंसकर व्यक्ति की मौत



**नीदरलैंड।** नीदरलैंड में बुधवार को केएलएम एयरलाइन की एक फ्लाइट के इंजन में एक व्यक्ति की फंसकर मौत हो गई। यह मौत उस समय हुई जब केएलएम1341 फ्लाइट एम्स्टर्डम एयरपोर्ट से डेनमार्क जाने वाली थी। एयरलाइन ने कहा कि वह घटना की जांच कर रही है। नीदरलैंड पुलिस भी मामले की इन्वेस्टिगेशन करेगी। जानकारी के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह दुर्घटना थी या आत्महत्या।

### बुशरा के पूर्व पति पर इमरान के वकील ने किया हमला



**इस्लामाबाद।** इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मानेका को इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर वकीलों ने हमला कर दिया। इस हमले में इमरान खान के एक वकील भी शामिल थे। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक वकील को खावर मानेका का गला पकड़कर उसे धक्का देते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद वे नीचे गिर गए थे।

पुलिस और आर्मी के बीच हुए विवाद का मामला


# जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सेना के जवान भिड़े,16 पर मामला दर्ज

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

> *कुपवाड़ा पुलिस स्टेशन पर हुए हमले में कथित संलिप्तता के लिए सेना के तीन लेफ्टिनेंट कर्नल और 13 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास और डकैती का मामला दर्ज किया गया है।*

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में पुलिस स्टेशन में सेना और पुलिस के बीच मारपीट हुई थी। पुलिस स्टेशन पर हमला करने के आरोप में 3 लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 16 लोगों पर जान से मारने की कोशिश और डकैती का मामला दर्ज किया गया है।

घटना मंगलवार 28 मई की रात को हुई थी। बताया जा रहा है कि एक ड्रग केस में पुलिस ने 160 टेरिटोरियल आर्मी के जवान से पूछताछ की थी। इस बात से सेना के अधिकारी नाराज हो गए। बड़ी संख्या में वर्दीधारी और हथियारों से लैस जवान पुलिस स्टेशन में दाखिल हो गए। उनके साथ सीनियर सैन्य अधिकारी भी थे। प्रादेशिक सेना एक सैन्य रिजर्व बल है। अंशकालिक स्वयंसेवक इसके कर्मी हैं।





### पुलिस का दावा- सेना के अधिकारियों ने राइफल बट, छड़ियों और लातों से मारा

एफआईआर के मुताबिक, आर्मी के ग्रुप की अगुआई लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजीव चौहान और निखिल कर रहे थे। ये तीनों अधिकारी जबरन पुलिस स्टेशन में दाखिल हुए और राइफल की बट छड़ियों और लातों से वहां मौजूद पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर दिया। एफआईआर में लिखा गया है कि प्रादेशिक सेना के जवानों ने अपने हथियार लहराए, घायल पुलिस वालों के मोबाइल फोन छीन लिए और एक पुलिस वाले का अपहरण करके मौके से फरार हो गए।

### आर्मी जवानों और अधिकारियों पर इन धाराओं में हुई एफआईआर

*एफआईआर आईपीसी के सेक्शन 186 (पब्लिक सर्वेंट की ड्यूटी में बाधा डालना), 332 (ड्यूटी करने से रोकने के लिए पब्लिक सर्वेंट को चोट पहुंचाना), 307 (मर्डर की कोशिश), 342 (बंधक बनाना), 147 (दंगा करना) के तहत दर्ज की गई है। आरोपियों पर सेक्शन 149 (गैरकानूनी तरीके से जमा हुई भीड़ के सभी लोग गलत काम करने के दोषी), 392 (चोरी करने की सजा), 397 (जान से मारने या गंभीर रूप से चोट पहुंचाने की कोशिश के साथ चोरी या डकैती करना) और 365 (किसी व्यक्ति को बंधक बनाने के उद्देश्य से उसका अपहरण करना) के तहत भी चार्ज लगाया गया है।*

### हथियार लहराए और पुलिस के फोन छीने

एफआईआर में यह भी लिखा गया है कि अधिकारी पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचे। पुलिस यूनिट्स और सीनियर अधिकारियों को आता देखकर लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल के नेतृत्व में 160 प्रादेशिक सेना के कथित कर्मियों और अधिकारियों ने अपने हथियार लहराए, फोन भी छीने।

### पुलिसकर्मियों की पिटाई की खबरें गलत

श्रीनगर में एक रक्षा प्रवक्ता ने घटना को ज्यादा तवज्जो नहीं देने की कोशिश की और कहा कि पुलिस और सेना के जवानों के बीच झड़प और पुलिसकर्मियों की पिटाई की खबरें गलत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों और प्रादेशिक सेना इकाई के बीच अभियानगत मामले पर मामूली मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है।

भारतीय दवा निर्यातकों के लिए मौका

# अमेरिका में दवाओं की किल्लत भारतीय फार्मा सेक्टर की मौज



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कैलेंडर वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 22 उपचारों से जुड़ी 323 दवाओं के साथ अमेरिका में दवाओं की कमी हो चुकी है। फार्मा सेक्टर के विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थिति भारतीय दवा (फार्मा) निर्यातकों के लिए बढ़िया मौका है। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ हेल्थ-सिस्टम फार्मासिस्ट्स के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में सक्रिय दवाओं की कमी कैलेंडर वर्ष 2023 में 300 से 310 दवाओं पर स्थिर हो गई थी लेकिन कैलेंडर वर्ष 24 की पहली तिमाही में ये बढ़कर 323 दवाओं तक पहुंच गई है। विश्लेषक संक्रमणरोधी, हार्मोन, ऑन्कोलॉजी जैसी श्रेणियों की इन 323 दवाओं के बाजार आकार का अनुमान देने में सक्षम नहीं थे, अमेरिका को कुल निर्यात साल 2023-24 (वित्त वर्ष 24) में पहले ही तेजी से बढ़ चुका है।

### यूएस में कमी वाले उत्पादों में सबसे ज्यादा निवेश

भारतीय जेनेरिक कंपनियों को इस स्थिति से लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा 'हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय जेनेरिक कंपनियों में अरबिंदो फार्मा, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और ग्लैंड फार्मा का अमेरिका में कमी वाले उत्पादों में सबसे ज्यादा निवेश है। अरबिंदो की अमेरिका की इंजेक्शन बिक्री (जेनेरिक और ब्रांडेड) का उसकी अमेरिकी बिक्री में 25 से 26 प्रतिशत हिस्सा और उसकी कुल बिक्री में 12 से 13 प्रतिशत का हिस्सा रहता है।

### भारतीय जेनेरिक कंपनियों का दमदार प्रदर्शन

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) के विश्लेषकों का मानना है कि इससे न केवल वॉल्यूम वृद्धि की संभावना उपलब्ध होगी बल्कि अगले 12 से 18 महीने में कीमतों में गिरावट को एक अंक तक सीमित किया जा सकेगा। अमेरिकी जेनेरिक बाजार में कीमतों में यह गिरावट निकट भविष्य में एक अंक में रहने की उम्मीद है। अमेरिका को आपूर्ति करने वाली भारतीय जेनेरिक कंपनियों का वित्त वर्ष 24 के दौरान दमदार वित्तीय प्रदर्शन देखा गया है।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने किया बदलाव

# 1 घंटे में कैशलेस इलाज की इजाजत और 3 घंटे में होगा क्लेम 'सेटलमेंट'

## प्राधिकरण ने पिछले 55 सर्कुलर को निरस्त कर दिया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हेल्थ इंश्योरेंस लेने वाले लोगों को बड़ा तोहफा मिला है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के रेगुलेटरी नॉर्म्स में बड़े बदलाव किए हैं। अब बीमा कंपनी को यूजर के अनुरोध के एक घंटे के भीतर कैशलेस इलाज की अनुमति देने पर फैसला लेना होगा और किसी भी स्थिति में जिसने पॉलिसी ले रखी है उसे अस्पताल से छुट्टी मिलने के लिए इंतजार नहीं करना होगा। यदि 3 घंटे से ज्यादा लगते हैं तो इसका बिल बीमा कंपनी को भरना होगा। इसके लिए आईआरडीएआई ने इससे जुड़ा एक मास्टर सर्कुलर भी जारी किया है, जिसमें पिछले 55 सर्कुलर को निरस्त किया है ताकि यूजर को बीमा हासिल करने में आसानी हो और विश्वास बढ़े।

उपभोक्ताओं को होगी आसानी बढ़ेगा विश्वास



### आईआरडीएआई को इसलिए करना करना पड़ा परिवर्तन

एक सर्वे में पाया गया था कि 43 प्रतिशत हेल्थ इंश्योरेंस लेने वाले लोगों को इसे हासिल करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में मरीज के डिस्चार्ज होने में 10-12 घंटे तक लगते रहे हैं।

### अस्पताल में खर्च ज्यादा हो रहा

सेटलमेंट न होने की स्थिति में डिस्चार्ज नहीं किया जाता है और इस दौरान अस्पताल का खर्च मरीज और उसके परिवार पर भार बनता है और ऐसा कई मामलों में हुआ है। कई बार मरीजों से एक्स्ट्रा पैसा अस्पताल लेते रहे हैं, ऐसे में उन्हें हेल्थ इंश्योरेंस हासिल करने का बहुत ज़्यादा फायदा हासिल नहीं हुआ। अब आईआरडीएआई ने इस मामले में सख्ती दिखाई है।

### हेल्प डेस्क बनाने का भी दिया सुझाव

आईआरडीएआई ने कहा कि इमरजेंसी वाले मामलों में आए अनुरोध पर कंपनी को तुरंत फैसला लेना चाहिए। इसके लिए आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 31 जुलाई तक कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी आदेश दिए और कहा कि बीमा कंपनी अस्पतालों में हेल्प डेस्क भी बना सकती हैं जहां से लोगों की मदद की जा सकेगी। नए नोर्म्स के मुताबिक एक से ज़्यादा हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों वाले पॉलिसीधारक को वह पॉलिसी चुनने का विकल्प मिलेगा जिसके तहत वह आसानी से वो रकम हासिल कर सके जो उसे चाहिए।

पाक ने स्वीकारा: घोषणा पत्र का उल्लंघन किया

# शरीफ के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय पाकिस्तान में 'निष्पक्ष नजरिया' उभर रहा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत सरकार ने लाहौर घोषणापत्र पर पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं।' मौजूदा हालात से साफ है कि पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। पाक के पूर्व पीएम ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए कहा था कि भारत के साथ युद्ध गलती थी और उनके देश ने लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था।



### 'राफा के शरणार्थी शिविर में हमला बेहद दुखद'

*राफा के शरणार्थी शिविर में इस्राइल के हमले पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बहुत दुखद है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध के बीच भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने इस दुख घटना पर अपनी जिम्मेदारी ली है और मामले की जांच करने की घोषणा की है।*

### बिश्केक में अब स्थिति सामान्य'

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में भीड़ द्वारा विदेशियों को निशाना बनाए जाने की खबरों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब स्थिति सामान्य हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास से लगातार इस बारे में संपर्क किया गया है। बिश्केक में मौजूद भारतीय दूतावास द्वारा चौबीसों घंटे लगातार भारतीय छात्रों से संपर्क किया जा रहा है।

### ब्रिक्स सम्मेलन पर भारत की नजर

रणधीर जायसवाल ने कहा भारत ने हमेशा से इस बात पर जोर दिया है कि ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष रूस में ब्रिक्स सम्मेलन होना है और भारत लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। जायसवाल ने कहा कि ब्रिक्स में किसी अन्य देश को शामिल करने का फैसला इसके सदस्य देशों के द्वारा लिया गया जाता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# चकराता में नाबालिग लड़की को भगा ले गया दूसरे समुदाय का युवक, गुस्साए लोग, थाने में किया प्रदर्शन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार के एक गांव से हिंदू किशोरी को मुस्लिम युवक द्वारा भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस पर आक्रोशित लोगों ने गुरुवार को चकराता थाने में पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। किशोरी के स्वजन ने थाने में आरोपित के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी को दबिश दे रही है। तहरीर में स्वजन ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ती है। चकराता के डाकरा-मोहना निवासी आरोपित साहिल खान मंगलवार शाम उनकी लड़की को भगा ले गया। स्वजन ने आरोप लगाया कि आरोपित काफी समय से किशोरी का यौन शोषण कर रहा है। इसका पता चलने पर गुरुवार को स्वजन के साथ क्षेत्र के लोग चकराता थाने में पहुंचे। घटना से आक्रोशित लोगों ने थाना परिसर में पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर आरोपित को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। स्वजन ने कहा किशोरी को भगाने में आरोपित के साथ उसके स्वजन भी शामिल हैं। आरोपित ने एक मिशन के तहत किशोरी को भगाया। मामले की गंभीरता देख थाना पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया,



जबकि आरोपित युवक फरार बताया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से हिंदू समाज की बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा को उचित कदम उठाने की मांग की। कहा कई मुस्लिम युवक अपनी पहचान छिपाकर हिंदू लड़कियों को टारगेट कर रहे हैं। सामाजिक माहौल को बिगाड़ने वाले शातिर लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस मौके पर छावनी परिषद के मनोनीत सदस्य अनिल चांदना, व्यापार मंडल सचिव अमित अरोड़ा, रुद्र सेना के अध्यक्ष राकेश उत्तराखंडी, विश्व हिंदू परिषद खंड कार्यवाहक कुंदन सिंह चौहान, धनीराम, अशोक कुमार, सतीश चौहान, भीम सिंह, बारुदास, वीरेंद्र नेगी, आशीष चौहान, प्रताप सिंह नेगी, दीवान प्रेमी, मनीष रावत, राकेश चौहान, विनोद जोशी, सुभाष जोशी आदि मौजूद रहे। वहीं, सीओ विकासनगर बीएल शाह ने कहा कि स्वजन की तहरीर पर आरोपित साहिल खान निवासी डाकरा-चकराता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस टीम किशोरी का मेडिकल कराने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान दर्ज कराएगी। सीओ ने कहा आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। आरोपित मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में आक्रोशित व्यापार मंडल चकराता ने शुक्रवार को बाजार बंद करने का एलान किया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान ने कहा कि जौनसार की हिंदू नाबालिग लड़की के साथ हुई घटना के विरोध छावनी बाजार चकराता पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

## आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट जारी की

# वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान बही-खाता पाक के जीडीपी का ढाई गुना

मुंबई हलचल / मुंबई

खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने का संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशील बनी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह पाकिस्तान के कुल सकल घरेलू उत्पाद (करीब 340 अरब अमेरिकी डॉलर) का करीब 2.5 गुना है।

### अर्थव्यवस्था में जुझारूपन

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारूपन दिखाया।

### बैंक तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट

जीडीपी वृद्धि को बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामकीय तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय परिवेश से जूझ रही है।

### बैंकों से धोखाधड़ी के मामले बढ़े

बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के मामले बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बढ़कर 36,075 रहे। हालांकि, इस दौरान धोखाधड़ी वाली राशि 46.7 प्रतिशत घटकर 13,930 करोड़ रुपये हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने व भुगतान अनुभव को और बेहतर बनाने कानून लाया गया।

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। केंद्रीय बैंक ने 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कुल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई है।*

### बही-खाते का आकार बढ़ा

आरबीआई ने कहा, '2024-25 के लिए वास्तविक (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें जोखिम दोनों तरफ बराबर है।' आरबीआई ने कहा कि 2022-23 में उसके बही-खाते तक का आकार 63.45 लाख करोड़ रुपये था। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7,02,946.97 करोड़ रुपये बढ़ा है।

**आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशीलता बनी रहेगी**

**आरबीआई ने खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने का दिया संकेत**

### दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी



*विदेशी प्रतिभूतियों से ब्याज आय बढ़ी : आरबीआई को विदेशी मुद्रा लेनदेन से 83,616 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। विदेशी प्रतिभूतियों से ब्याज आय बढ़कर 65,328 करोड़ रुपये हो गई, जिससे उसे अपनी आकस्मिकता निधि का आकार बढ़ाने में मदद मिली। वार्षिक रिपोर्ट आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की एक वैधानिक रिपोर्ट है।*

*दावा न की गई राशि 26 फीसदी बढ़ी : रिपोर्ट में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज और कार्यों को शामिल किया गया है। वित्तीय क्षेत्र पर आरबीआई ने कहा कि बैंकों के पास दावा न किए गए जमा में मार्च 2024 के अंत में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 78,213 करोड़ रुपये हो गई।*

### एमएसपी ने फसलों के लिए 50 फीसदी लाभ निश्चित किया

वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की अच्छी स्थिति में है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आहर में शामिल करें इस तेल की 2 बूंदें, हमेशा रहेंगे स्वस्थ

बादाम खाना वैसे तो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है लेकिन इसके तेल से ब्यूटी और हेयर से जुड़े फायदे भी लिए जा सकते हैं। रोजाना अपनी डाइट 2-3 बूंद बादाम के तेल की शामिल करके इससे सेहत से जुड़े कई लाभ लिए जा सकते हैं।



**दिल के रोग**
बादाम के तेल में फोलिक एसिड,प्रोटीन और पोटाशियम जैसे और भी तत्व पाए जाते हैं जो दिल के रोगों के लिए फायदेमंद हैं।

**ब्लड प्रैशर और कोलेस्ट्राल**
बादाम में हाई पोटाशियम और लो सोडियम होता है जो दिल की बीमारियों से रोकथाम करता है। यह ब्लड प्रैशर और कोलेस्ट्राल लेवल को ठीक रखता है।

**प्रतिरोधक क्षमता में मजबूत**
रोजाना बादाम के तेल का सेवन करने से प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। मौसम के कारण होने वाली छोटी-मोटी इंफैक्शन से यह तेल बचाव रखता है।

**यादाशत बढाएं**
रोजाना रात को 5 बादाम भिगोकर सुबह खाने से याद रखने की क्षमता मजबूत होती है। इसके अलावा रोजाना रात को सोने से पहले दूध में 3-4 बूंद बादाम के तेल की मिलाकर पीने से मैमोरी पावर बढती है।

**हड्डिया मजबूत**
बादाम के तेल में विटामिन डी और कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं।

**मसल्स में दर्द से राहत**
शरीर में किसी भी तरह की दर्द से राहत पाने के लिए बादाम के तेल की मालिश करें। इससे मसल्स मजबूत होते हैं और दर्द से आराम मिलता है। जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए बादाम के तेल को गुनगुना करके मालिश करने से फायदा मिलता है।

**एनर्जी बढ़ाएं**
शरीर में स्फूर्ति की कमी है तो बादाम का तेल बेहद कारगर है। इसके लिए सलाग में थोड़ा सा बादाम का तेल जालकर खाने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

**कब्ज**
कब्ज से राहत पाने के लिए गुनगुने पानी में 1-2 बूंद बादाम के तेल की मिलाकर दिन में 2 बार पीने से पेट साफ हो जाता है.

# घरेलू तरीकों से करें लकवे का इलाज

लकवा यानि पैरालिसिस अटैक। इसमें व्यक्ति चलने-फिरने और अंग को महसूस करने की क्षमता खो देता है। इसके अलावा मुंह टेढ़ा हो जाता है और बोलने पर मुंह से आवाज भी नहीं निकलती। वैसे देखा जाए तो लकवा किसी भी उम्र में किसी भी व्यक्ति या महिला को हो सकता है। लेकिन अधिकतर यह ज्यादा उम्र के लोगों में देखा गया है। इस बीमारी को ठीक होने में काफी समय लग जाता है। इसलिए आज हम कुछ ऐसे उपचार लेकर आए हैं जिन्हें अपनाकर इस बीमारी से जल्दी ठीक हुआ जा सकता है।

1. एक चम्मच काली मिर्च को पीसकर उसमें तीन चम्मच देसी घी में मिला लें। अब इन दोनों को अच्छी तरह मिलाकर लेप तैयार कर लें। इस लेप को लकवाग्रसित अंगों पर लगाकर मालिश करें। ऐसा करने से लकवा ग्रस्त अंगों का रोग दूर हो जाएगा।
2. अगर नियमित रूप से करेले की सब्जी या करेले का रस का सेवन किया जाए तो लकवा से प्रभावित अंगों में सुधार होने लगता है।
3. प्याज खाते रहने से और प्याज का रस का सेवन करते रहने से लकवा रोगी ठीक हो जाता है।
4. 6 कली लहसुन को पीसकर उसमें एक चम्मच मक्खन मिला लें और रोज इसका सेवन करें। लकवा ठीक हो जाएगा।



5. तुलसी के पत्ते, दही और सेंधा नमक को बराबर मात्रा में मिलाकर लेप तैयार कर लें। इस लेप को लकवाग्रसित अंगों पर लगाकर मालिश करें। ऐसा करने से लकवा ग्रस्त अंगों का रोग दूर हो जाएगा।

# नींबू से होगा स्ट्रैस दूर!



भागदौड़ भरी जिदंगी में आजकल हर दूसरा इंसान तनाव का शिकार हो रहा है। कुछ लोग ऑफिस के काम की वजह से तनाव में रहते हैं तो कुछ पर्सनल जिंदगी को लेकर। यहां तक कि बच्चे भी इससे जूझ रहे हैं,बैग उठाने का बोझ तो कभी सबसे अधिक अंक लेने का दबाब इनके बचपन को खराब कर रहा है। तनाव दूर करने के लिए लोग बहुत से तरीके अपनाते हैं लेकिन कुछ फर्क नहीं पड़ता। हाल ही में एक शोध हुआ है जिसमें सिर्फ 15 मिनट में ही तनाव दूर करने का तरीका बताया गया है।

शोध में तनाव दूर करने के लिए नींबू की महक का जिक्र किया गया है। आंखे बंद करके 15 मिनट तक नींबू की महक सूंघने से कहते है सारा स्ट्रैस दूर हो जाता है। क्यों है न चमत्कारी उपाय। शोधकर्ता कहते है कि तीन तरह की महक से तनाव दूर किया जा सकता है। इसमें उन्होंने लैवेंडर, सिट्रिक और मिंट की महक के बारे में बताया कि ये महक हमारे व्यवहार और महसूस करने की क्षमता पर असर डालती है। जिससे हमारा मूड फ्रैश हो जाता है और हम हर काम को बड़ी ताजगी से करने की एनर्जी पा लेते है। इस साइंटिफिक एरोमा थेरेपी को सब लोगों ने काफी पसंद किया है। यह सबसे सस्ता और कारगर तरीका है। इसे हम बच्चों पर भी बेझिझक अपना सकते है और हर कोई इस उपाय को बड़ी कंफर्टरेबल अपना रहा है।

# सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है 'किस'

*'किस' अपनी भावनाओं को इजहार करने का एक प्यारा सा तरीका है। हर किसी के लिए यह पल बहुत ही खास होता है। किस जहां एक तरह कपल्स में प्यार बढ़ाती है वहीं दूसरी ओर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। आज हम आपको किस करने के अनगिनत फायदों के बारे में बताएंगे।*



**1. खुशी का अहसास**
किस करके आपको एक अलग ही खुशी महसूस होती है। इससे रिश्ते में विश्वास बढ़ता है। आप अपने पार्टनर पर निर्भर होने लगते है।

**2. पार्टनर के करीब**
पार्टनर के करीब आने के लिए किस बैस्ट तरीका है।किस करके आप अपने पार्टनर को प्यार का इजहार आसानी से सकते है। इससे प्यार हमेशा जवान रहता है।

**3. दिल के लिए फायदेमंद**
किस के दौरान शरीर में एड्रेनालिन नामक हार्मोन बनता है जोकि दिल के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे ब्लड प्रेशर कम करने और शरीर में रक्त संचार ठीक रखने में मदद मिलती है।

**4. कैविटी को रखें दूर**
दांतों के लिए किस बहुत फायदेमंद है। किस के दौरान मुंह में बनने वाली लार दांतों से कैविटी को दूर करती है। इससे अलावा मुंह में मौजूद बैक्टीरिया खत्म होता है।

**5. वजन**
वजन कम करने के लिए किस बहुत लाभदायिक है। करीब 1 मिनट किस करने से 2 से 3 कैलोरी बर्न होती है।


**6. तनाव को रखें दूर**
किस के दौरान शरीर से एंडोर्फिन नामक हार्मोन्स निकलते है जिससे तनाव दूर होता है। ऐसे में तनाव को दूर करने के लिए बैस्ट है किस।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## किंग बनकर बॉक्स ऑफिस पर करेंगे राज

**बॉलीवुड** के किंग शाहरुख खान ने साल 2023 को पूरी तरह से अपने नाम कर लिया था। एक्टर की तीन फिल्में रिलीज हुईं जिसमें से दो तो ब्लॉकबस्टर हुईं वहीं तीसरे में उनके काम की खूब तारीफ हुई। हम बात कर रहे हैं पठान, जवान और डंकी की। इन तीनों फिल्मों की सफलता के बाद अब लोगों की नजर एक्टर की नई फिल्म की है। लेकिन लगता है फैंस को गुड न्यूज जल्द मिलने वाली है, क्योंकि शाहरुख खान के एक वायरल वीडियो में किंग की स्क्रिप्ट लीक हो गई। शाहरुख खान ने अभी तक अपनी अगली फि ल्म के लिए कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट तो नहीं की लेकिन इस बात की चर्चा लंबे समय से हो रही थी कि वह जल्द ही अपनी नई फि ल्म पर काम शुरू करेंगे। आईपीएल 2024 में भी एक मैच के दौरान, शाहरुख खान ने खुलासा किया था कि वह सीजन खत्म होने के बाद जून-जुलाई में अपनी अगली फि ल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। अब, शाहरुख खान के एक वायरल वीडियो से ये पुष्टि हो गई है कि शाहरुख अब फिल्म किंग में नजर आएंगे। इस टाइटल की पहले से चर्चा थी और खबर थी कि सुहाना खान भी इसमें शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी और अब वायरल वीडियो ने इस खबर की पुष्टि कर दी है।



## 'हर बच्चे को है प्यार पाने का हक...'




**इजरायल** की ओर से राफा शहर पर किए गए हमले ने पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया है। हमले में 45 लोग मारे गए। इस क्रूर और दर्दनाक घटना पर न सिर्फ ग्लोबल लीडर्स ने चिंता जताई है, बल्कि फिल्म फ्रैटर्निटी के लोगों ने भी दुख व्यक्त किया है। आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा, भूमि पेडनेकर सहित कई सेलेब्स ने राफा शहर को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है और फिलिस्तीन के लिए अपना समर्थन दिया है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर लिखा, 'हर एक बच्चा प्यार पाने का हकदार है। हर एक बच्चे को सुरक्षा चाहिए। हर एक बच्चे को शांति पाने का हक है। दुनिया की हर एक मां को अपने बच्चों को सुविधाएं देने का हक है।' करीना कपूर ने यूनिसेफ की पोस्ट शेयर की, जिसमें राफा में बच्चों और उनके परिवार की हत्या की निंदा की गई है। पोस्ट में बताया गया है कि हर सात महीने में इस ट्रैजेडी को होते देखा गया है, जिसमें कितने ही लोगों की जान गई है। प्रियंका चोपड़ा ने पोस्ट के जरिये राफा के लिए सपोर्ट जाहिर किया है। माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी, फातिमा सना शेख, समंथा रुथ प्रभु, दीया मिर्जा ने भी राफा में हुई घटना का जिक्र करते हुए चिंता जाहिर की है।



## जाह्नवी कपूर के आगे फेल हुई आलिया की 'गंगूबाई'



**जाह्नवी कपूर** का फैशन गेम इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है। एक्ट्रेस जल्द फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में क्रिकेटर की भूमिका निभाते हुए नजर आने वाली हैं। ऐसे में इसके प्रमोशन के लिए उन्होंने अपने स्टाइल में बदलाव करते हुए मेथेड ड्रेसिंग शुरू की है। कभी वह क्रिकेट बॉल को अपने कपड़ों में लगा लेती हैं, तो कभी उसका पर्स ही बनाकर ले आती हैं। उनके हर कपड़े में क्रिकेट से जुड़ा एलिमेंट ऐड किया जाता है, जो फैंस को भी पसंद आ रहा है। हालांकि, मेथेड ड्रेसिंग करने वाली जाह्नवी कोई पहली एक्ट्रेस नहीं हैं। हॉलीवुड में इसका चलन काफी समय से है, तो आलिया भट्ट ने अपनी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के लिए भी यही प्रमोशनल स्ट्रेटजी अपनाई थी। लेकिन, जाह्नवी अब आलिया से भी एक कदम आगे निकल गई हैं और मिसेज माही बनकर गंगूबाई को मात दे गई हैं। जाह्नवी ने मेथेड ड्रेसिंग की शुरूआत लोगों का ध्यान अपनी फिल्म की ओर खींचने के लिए की है। जिसमें वह काफी हद तक सफल भी हो रही हैं। यहां वह सुर्या सरकार की रेड कटआउट ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसकी बैकलेस बैक पर 9 छोटी-छोटी क्रिकेट बॉल से डिजाइन बनाया गया है। वहीं, मनीष मल्होत्रा की रेड और ब्लू साड़ी को हसीना ने क्रिकेट जर्सी स्टाइल ब्लाउज के साथ स्टाइल किया है।